# कान्हीवाड़ा में स्वास्थ्य विभाग की नाक के नीचे बड़ा खेल

## एमबीबीएस डॉक्टरों के नाम की आड़ में रमेश सरकार चला रहा अवैध क्लीनिक

**कान्हीवाड़ा नवभारत। जिला मुख्यालय के समीपस्थ कान्हीवाड़ा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही और मिलीभगत का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ एक कथित झोलाछाप डॉक्टर रमेश सरकार द्वारा क्षेत्र के भोले-भाले मरीजों की जिंदगी के साथ सरेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि इस अवैध कृत्य को छुपाने के लिए बाकायदा डिग्रीधारी डॉक्टरों के नाम का सहारा लिया जा रहा है, और स्थानीय स्वास्थ्य अमला पूरी तरह से आंखें मूंदे बैठा है।**




मिली जानकारी के अनुसार, कथित डॉक्टर रमेश सरकार ने अपनी क्लीनिक के सामने एक बड़ा बोर्ड लगा रखा है। इस बोर्ड पर डॉ. सत्यम कमरे (हड्डी रोग विशेषज्ञ, MBBS) डॉ. उमेश कुमार (MBBS) और डॉ. शबाना खान (BHMS) के नाम दर्ज हैं, ताकि क्षेत्र की जनता को यह भरोसा हो सके कि यहाँ उच्च शिक्षित डॉक्टरों द्वारा इलाज किया

### बोर्ड पर बड़े डॉक्टरों के नाम अंदर झोलाछाप का राज

जाता है। लेकिन धरातल की सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। स्थानीय सूत्रों और पड़ताल में यह बात सामने आई है कि डॉ. सत्यम कमरे और डॉ. उमेश कुमार कान्हीवाड़ा के इस क्लीनिक में कभी अपनी सेवाएं देने आते ही नहीं हैं। उनकी अनुपस्थिति में कथित डॉक्टर रमेश सरकार खुद ही डॉक्टर बनकर मरीजों की जांच करता है, दवाइयां लिखता है और गंभीर बीमारियों का इलाज करने का ढोंग कर रहा है। अब देखना यह है कि इस खबर के प्रकाशित होने के बाद सिवनी का स्वास्थ्य महकमा जागता है या फिर इसी तरह झोलाछाप डॉक्टरों को संरक्षण देकर किसी बड़े हादसे का इंतजार करता रहेगा।

### जिम्मेदार मौन



इस पूरे फर्जीवाड़े को लेकर क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी CMHO और खंड चिकित्सा अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। कान्हीवाड़ा जैसे मुख्य क्षेत्र में इतने बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा चल रहा है, लेकिन आज तक स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इस क्लीनिक पर छापा मारने या बोर्ड पर लिखे डॉक्टरों की सत्यता जांचने की जहमत नहीं उठाई।

# रितीश को 36वें दीक्षांत समारोह में मिला स्वर्ण पदक

**सिवनी नवभारत।** सिवनी जिले के लिए गर्व और सम्मान का क्षण उस समय आया जब रितीश कुमार ककोड़िया को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह में मास्टर ऑफ जर्नलिज्म एंड कम्युनिकेशन (एम.जे.सी.) में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न केवल रितीश कुमार ककोड़िया के लिए, बल्कि पूरे सिवनी जिले के लिए गौरव का विषय है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में आयोजित इस भव्य एवं गरिमामय समारोह में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल श्री मांगूभाई पटेल ने की। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुखमंत्री डॉ मोहन यादव जी तथा शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंद्र सिंह परमार जी



सहित विश्वविद्यालय के कुलपति, वरिष्ठ अधिकारी, प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

दीक्षांत समारोह में विभिन्न संकायों के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए स्वर्ण पदक एवं उपाधियों से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में सर्वोच्च प्रदर्शन करने पर रितीश कुमार ककोड़िया को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। राष्ट्रपति एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में यह सम्मान प्राप्त करना उनके शैक्षणिक जीवन की एक ऐतिहासिक उपलब्धि बन गया।

रितीश कुमार ककोड़िया की इस सफलता ने सिवनी जिले का नाम पूरे प्रदेश में गौरवान्वित किया है। उनकी मेहनत, अनुशासन, लगन और निरंतर अध्ययन के प्रति समर्पण ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है। इस उपलब्धि पर उनके परिवार, मित्रों, गुरुजनों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का वातावरण है और उन्हें लगातार बधाइयाँ प्राप्त हो रही हैं।

स्वर्ण पदक प्राप्त करने के पश्चात रितीश कुमार ककोड़िया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं विश्वविद्यालय के मार्गदर्शकों को देते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें पत्रकारिता के क्षेत्र में और अधिक जिम्मेदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि वे निष्पक्ष पत्रकारिता के माध्यम से समाज के विकास में योगदान दें।

# 8 एकड़ शासकीय चरनोई-घास भूमि पर 10-12 वर्षों से अवैध कब्जा, प्रशासन की निष्क्रियता पर उठे सवाल

**सिवनी नवभारत।** ग्राम मोहगांव सड़क, तहसील कुरई, जिला सिवनी स्थित खसरा क्रमांक 62, 63 एवं 64 की लगभग 8 एकड़ शासकीय घास भूमि/चरनोई भूमि पर पिछले 10 से 12 वर्षों से कथित रूप से अवैध कब्जा बना हुआ है। राजस्व अभिलेखों में दर्ज यह भूमि ग्राम समुदाय एवं शासकीय प्रयोजनों के लिए सुरक्षित है, इसके बावजूद प्रभावशाली लोगों द्वारा इस पर स्थायी निर्माण कर निजी उपयोग किए जाने के आरोप लगाए गए हैं।

शिकायत के अनुसार खसरा क्रमांक 62 (1.29 हेक्टेयर), 63 (0.97 हेक्टेयर) एवं 64 (0.95 हेक्टेयर) कुल 3.21 हेक्टेयर भूमि नेशनल हाईवे-44 से लगी हुई अत्यंत मूल्यवान शासकीय भूमि है। आरोप है कि *अमनदीप सिंह भाटिया, अमरदीप उर्फ मिक्की भाटिया, सरदार सिंह भाटिया एवं अमन अरोरा* सहित अन्य लोगों द्वारा उक्त भूमि पर वर्षों से कब्जा कर होटल, ढाबे, दुकानें एवं अन्य पक्के निर्माण खड़े कर लिए गए हैं।

शिकायतकर्ताओं का यह भी आरोप है कि शासकीय भूमि के हिस्सों को किराए पर देकर आर्थिक लाभ कमाया जा रहा है तथा भूमि के पीछे के हिस्सों में खेती भी की जा रही है। साथ ही भूमि पर अवैध रूप से शराब बिक्री एवं अन्य गतिविधियों के संचालन संबंधी आरोप भी लगाए गए हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि यदि भूमि राजस्व अभिलेखों में स्पष्ट रूप से शासकीय चरनोई भूमि के रूप में दर्ज है, तो फिर इतने वर्षों तक अतिक्रमण कैसे बना रहा? ग्रामवासियों का कहना है कि समय-समय पर राजस्व अधिकारियों को शिकायतें दी गईं, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे प्रशासनिक




कार्यप्रणाली एवं शासकीय भूमि संरक्षण व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

मामले को लेकर मुख्यमंत्री, अपर मुख्य सचिव राजस्व, संभागायुक्त जबलपुर, कलेक्टर सिवनी, एसडीएम कुरई, तहसीलदार कुरई तथा सीएम हेल्पलाइन में विस्तृत शिकायत प्रस्तुत की गई है। शिकायतकर्ताओं ने मांग की है कि अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाया जाए तथा वर्षों से शासकीय भूमि पर कब्जा बने रहने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जाए।

ग्रामवासियों का कहना है कि यदि शासकीय चरनोई भूमि पर इस प्रकार निजी कब्जे वैध माने जाने लगें तो भविष्य में सरकारी भूमि संरक्षण की अवधारणा ही समाप्त हो जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावशाली व्यक्तियों के दबाव से मुक्त होकर निष्पक्ष, समयबद्ध और कठोर कार्रवाई की जाए तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर ग्राम समुदाय के हित में सुरक्षित किया जाए।

शासकीय भूमि किसी व्यक्ति विशेष की संपत्ति नहीं है। यदि वर्षों से सरकारी भूमि पर कब्जा कर व्यवसाय संचालित किया जा रहा है तो यह केवल अतिक्रमण का मामला नहीं, बल्कि कानून के शासन और प्रशासनिक जवाबदेही की भी परीक्षा है।

# विश्व विटिलिगो दिवस पर जागरूकता का संदेश

**सिवनी नवभारत।** विश्व विटिलिगो दिवस के अवसर पर विटिलिगो (सफेद दाग) के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित सोनगोतीया ने बताया कि विटिलिगो एक ऑटोइम्यून त्वचा विकार है, जिसमें त्वचा को रंग प्रदान करने वाली मेलानोसाइट कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं, जिससे त्वचा पर सफेद चकत्ते विकसित होने लगते हैं। डॉ. अमित सोनगोतीया के अनुसार यह रोग संक्रामक नहीं है और न ही एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। इसके बावजूद समाज में इस बीमारी को लेकर कई भ्रांतियां और गलत धारणाएं बनी हुई हैं, जिनके कारण मरीजों को मानसिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि समय पर पहचान और सही उपचार से



विटिलिगो को नियंत्रित किया जा सकता है। आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों जैसे फोटोथेरेपी, दवाइयों और सर्जिकल तकनीकों से मरीजों में संतोषजनक सुधार देखा गया है। विश्व विटिलिगो दिवस का उद्देश्य लोगों में जागरूकता बढ़ाना, भ्रांतियों को दूर करना और विटिलिगो से प्रभावित लोगों को सम्मान एवं सहयोग प्रदान करना है। समाज से अपील की गई है कि सफेद दाग को लेकर भेदभाव न करें, बल्कि संवेदनशीलता और समझदारी के साथ मरीजों का समर्थन करें .

## शिव सनोडिया को मिली कांग्रेस जिला महासचिव की जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं में उत्साह



**सिवनी नवभारत।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा हाल ही में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। 52 सदस्यीय इस कार्यकारिणी में जिले के विभिन्न वर्गों, समाजों और क्षेत्रों के सक्रिय नेताओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है।इसी क्रम में कांग्रेस संगठन के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता शिव सनोडिया को जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी में जिला महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच एक सकारात्मक और संगठन को मजबूती देने वाला निर्णय माना जा रहा है।शिव सनोडिया लंबे समय से कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में उनकी अच्छी पहचान है तथा जिले के विभिन्न वर्गों में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है।कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में हमेशा खड़े रहने और संगठन के प्रति समर्पण के कारण वे कांग्रेस के विश्वसनीय नेताओं में गिने जाते हैं। उनकी नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

## राष्ट्रीय कुशवाहा सामाजिक सम्मेलन की सफलता के बाद सदस्यता एवं सर्वे अभियान शुरू

**सिवनी नवभारत।** अखंड भारतीय कुशवाहा महासभा भारत द्वारा राष्ट्रीय कुशवाहा सामाजिक सम्मेलन 2026 की ऐतिहासिक सफलता के बाद समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान, घर-घर सर्वे एवं कुशदीप स्वसहायता अभियान प्रारंभ किया गया है।

राष्ट्रीय संयोजक एवं अध्यक्ष एम. जी. कुशवाहा कुशदीप ने बताया कि संगठन का उद्देश्य समाज के प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक स्थिति का सर्वे करना तथा युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठजनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। सामाजिक प्रवास कार्यक्रम के तहत 24 जून को कटनी एवं उमरिया, 25 जून को सतना एवं रीवा, तथा 26 जून को सीधी एवं सिंगरौली में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।

प्रवास के दौरान समाज बंधुओं से मुलाकात कर सदस्यता अभियान को विस्तार देने, घर-घर सर्वे को गति देने तथा स्वसहायता के माध्यम से समाज में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा होगी।

महासभा ने समाज के सभी बंधुओं से अभियान में अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की है।

# साइबर अपराधों के खिलाफ कान्हीवाड़ा पुलिस का अभियान शुरू

**कान्हीवाड़ा नवभारत।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से सेफ क्लिक 2.0 -सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन अभियान का शुभारंभ किया गया है, जिसके तहत पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंददानी के निर्देशन में यह विशेष साइबर सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान पूरे सिवनी जिले में 24 जून से 8 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। इस विशेष अभियान के अंतर्गत कान्हीवाड़ा पुलिस द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क कर नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल,




ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया फ्रॉड, फर्जी लिंक और बैंकिंग साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी संतोष पन्द्रे सहित पुलिस बल विशेष रूप से उपस्थित रहा, थाना प्रभारी ने बताया साइबर अपराधी आजकल नई-नई तकनीकों का उपयोग कर लोगों को अपनी ठगी का शिकार बना रहे हैं, इसलिए किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और न ही अपनी ओटीपी या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा करें। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि यह अभियान जिले के प्रत्येक क्षेत्र, ग्राम एवं कस्बों में निरंतर चलाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को डिजिटल रूप से सुरक्षित किया जा सके। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों ने समस्त नागरिकों से पुरजोर अपील की है कि यदि किसी भी व्यक्ति के साथ किसी प्रकार का साइबर फ्रॉड होता है, तो वे बिना समय गंवाए तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा आधिकारिक साइबर पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## बिरसा मुण्डा के बलिदान दिवस पर एक दिवसीय विचार संगोष्ठी कल

**मुख्य अतिथि होंगे डॉ. कैलाश जाटव अध्यक्षता करेंगे विशेष गढ़पाले**

**सिवनी नवभारत।** धरती आबा, क्रांति सूर्य, अमर शहीद भगवान बिरसा मुण्डा के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में म.प्र. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) जिला इकाई सिवनी द्वारा एक दिवसीय विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संघ के जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार राजनेगी ने बताया कि यह कार्यक्रम शुक्रवार, 26 जून को दोपहर 3:00 बजे से द ग्रैंड रजवाड़ा, जबलपुर रोड, लूघरवाड़ा, सिवनी में आयोजित होगा। संगोष्ठी का विषय भारत की सामाजिक व आर्थिक प्रगति में महापुरुषों का योगदान रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में म.प्र. राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ IAS एवं कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष म.प्र. अजाक्स विशेष गढ़पाले करेंगे। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में प्रांताध्यक्ष म.प्र. अजाक्स चौधरी मुकेश मौर्य अपने विचार रखेंगे।

इसके अलावा प्रदेश भर से अनेक वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सक एवं सामाजिक कार्यकर्ता विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जिनमें रामकिशोर दाहिया, श्यामलाल डोहरिया, डॉ. संजय वासनिक और एस.आर. मेरावी प्रमुख हैं। आयोजकों के अनुसार संगोष्ठी का उद्देश्य बिरसा मुण्डा, ज्योतिबा फुले, छत्रपति शाहू महाराज एवं डॉ. भीमराव



अम्बेडकर जैसे महापुरुषों के विचारों और उनके सामाजिक-आर्थिक योगदान को जन-जन तक पहुंचाना है। संघ ने जिले के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन का संदेश लेकर गांव-गांव पहुंच रही पुलिस

**कुरई नवभारत।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से सेफ क्लिक 2.0 - सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित जीवन अभियान का शुभारंभ किया गया है। पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंददानी के निर्देशन में यह विशेष साइबर सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान पूरे सिवनी जिले में 24 जून से 8 जुलाई 2026 तक संचालित किया जाएगा।

अभियान के तहत थाना प्रभारी कुरई श्री कृपाल सिंह तेकाम के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जनसंपर्क कर नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया फ्रॉड, फर्जी लिंक एवं




बैंकिंग साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसडीओपी बरघाट श्री ललित गठरे, थाना प्रभारी कुरई श्री कृपाल सिंह तेकाम, उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक सहित थाना कुरई का समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। अधिकारियों ने लोगों को बताया कि साइबर अपराधी नई-नई तकनीकों का उपयोग कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं, इसलिए किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, बैंक खाता, एटीएम या यूपीआई संबंधी जानकारी किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें। एसडीओपी श्री ललित गठरे ने बताया कि यह अभियान जिले के प्रत्येक क्षेत्र, ग्राम एवं कस्बों में चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके और वे ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षित रह सकें।

वहीं थाना प्रभारी कृपाल सिंह तेकाम ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए सतर्कता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या ऑनलाइन गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को दें तथा साइबर फ्रॉड होने की स्थिति में बिना देरी किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

सिवनी पुलिस का यह अभियान डिजिटल युग में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## शक्तिपीठ बरघाट में कन्या कौशल शिविर

बरघाट। (सिवनी) गायत्री शक्तिपीठ बरघाट में दिनांक 21से 25 जून 2026 तक चार दिवसी आवासीय निशुल्क कन्या /किशोर कौशल शिविर का आयोजन हेमराज बघेल ( मुख्य प्रबंध ट्रस्टी) ,पी. डी . परते ( तहसील समन्वय कन्या/ किशोर कौशल शिविर) एवं सुखराम उइके ( तहसील समन्वयक)के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। शिविर में नगर के उच्च पदों पर प्रतिष्ठित महानुभावों द्वारा कन्याओं का मार्गदर्शन किया गया। श्री तरुण रहांगडाले (सीईओ ) जीवन में सफल होने के लिए समय प्रबंधन पर प्रकाश डाला। राजेश अर्जुनवार (सब इंस्पेक्टर ) ने कहा कि जीवन में एक दो बार मिली असफलता हमें कड़ी मेहनत करके शिखर पर बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

**अनियमितता** — स्वास्थ्य विभाग की हिटलरशाही- लाखों का सरकारी सामान मात्र 13 हजार में ठिकाने लगाया, कलार बाकी उप स्वास्थ्य केंद्र में बड़ा खेल

# बिना निविदा और वैल्यूएशन के बेच दिए खिड़की, दरवाजे और चैनल गेट

**सिवनी नवभारत। स्वास्थ्य विभाग में नियम-कानूनों को ताक पर रखकर अपनी मर्जी चलाने और तानाशाही रवैया अपनाने का एक बड़ा मामला सामने आया है। मामला कलारबाकी उप स्वास्थ्य केंद्र का है, जहां विभाग की हिटलरशाही और घोर लापरवाही के चलते राजस्व को मटियामेट कर दिया गया। यहां उप स्वास्थ्य केंद्र की पुरानी डिस्मेंटल बिल्डिंग को तोड़ने के बाद, उसमें से निकली लाखों रुपये की सरकारी सामग्री को कौड़ियों के भाव बेच दिया गया।**




स्थानीय ग्रामीणों और जानकारों की मानें तो बिल्डिंग से निकले भारी-भरकम लोहे के चैनल गेट, मजबूत लकड़ी के दरवाजे और खिड़कियों की आज के बाजार भाव से कीमत लाखों रुपये में है। अगर इसकी नियमानुसार खुली नीलामी होती, तो सरकार के खाते में मोटी रकम जमा होती। परंतु विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने सरकारी खजाने को चूना लगाते हुए इस पूरी सामग्री को महज 13 हजार रुपये में रफा-दफा कर दिया।

### भ्रष्टाचार और तानाशाही की बू उठ रहे गंभीर सवाल

इस पूरे घटनाक्रम ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। किसके आदेश पर बिना टेंडर के सरकारी संपत्ति को बेचा गया? 13,000 की इस कथित डील की रकम किसके खाते में गई या यह केवल कागजी खानापूर्ति है? इतनी बड़ी लापरवाही पर विभाग के उच्च अधिकारी मौन क्यों हैं? इस मामले को लेकर अब स्थानीय स्तर पर विरोध शुरू हो गया है और ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

### न निविदा निकाली, न कराया सरकारी वैल्यूएशन

नियमों के मुताबिक, किसी भी सरकारी भवन के ध्वस्त होने के बाद उसकी सामग्री की नीलामी के लिए बाकायदा लोक निर्माण विभाग या संबंधित विभाग से मूल्यांकन कराया जाता है। इसके बाद सार्वजनिक निविदा आमंत्रित की जाती है, ताकि सरकार को अधिकतम राजस्व मिल सके। लेकिन कलार बाकी में स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने खुद को ही सर्वेसर्वा मान लिया। बिना किसी आधिकारिक वैल्यूएशन और बिना कोई निविदा जारी किए, अधिकारियों ने आपसी साठगांठ कर लाखों रुपये के लोहे के चैनल गेट, कीमती खिड़कियां, दरवाजे और अन्य कबाड़ सामग्री मात्र 13,000 में एक निजी हाथ में सौंप दी।

# चांगूटोला में आज मुहर्रम पर्व पर निकलेगा जुलूस

**सिवनी नवभारत।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी इस्लाम धर्म अनुयाइयों द्वारा मोहर्रम पर्व मनाते आ रहे हैं, जिसको लेकर गत दिवस मुस्लिम समुदाय के समाज सेवकों के द्वारा चांगूटोला थाना प्रभारी को थाना पहुंचकर आवेदन दिया गया जाकर एसडीएम के द्वारा परमीशन दी गई, एवं चांगूटोला नगर में जुलुस निकाला जायेगा। कार्यक्रम 25-26 दो दिनों तक चलेगा अन्य कार्यक्रम भी किये जायेंगे।

इस कार्यक्रम की रुप रेखा एवं मार्ग विवरण 25 मई आज छुट्टन बाबा के घर से अलावा के लिये रात्री 9-10 बजे निकलेंग जिसमें सवारी नाम छुट्टन मुझावय फक्क? बाबा,बफाती बाबा मुजावर दरिया वाले बाबा, रज्जाक मुजावर सैय्यद बाबा, तस्लीम मुजावर बेहट बाबा साथ ही ग्राम अरनामेटा की सवारी सरीफ मुजावर सैय्यद शैलानी बाबा कमलेश मुजावर शैलानी बाबा, रिंकु मुजावय मस्ताना सिग्नल वाले बाबा एवं अन्य सवारियों के साथ ग्रामीण जन अलावा में गुस्ल करेंगे, जिसके बाद घर की ओर रवानगी होगी, रात में दोबारा सवारियों के साथ जूलूस निकलेगा। डीजे साउंड रहेगा एवं रास्ता छुट्टन बाबा के घर से जुलूस निकाला जाएगा जो पुरानी वैध राइस मील होते हुए सलमान बाबा के घर होते हुए मस्जिद चौराहा पहुंचेगी उसके बाद इंडियन बैंक हनुमान मंदिर, महावीर चौक पहुंचेंगे। इसके बाद मऊ कॉलोनी में भ्रमण के बाद वापस छुट्टन भाईजान के घर में पहुंचेगे, अगले



दिवस 26 में दिन शुक्रवार को 3बजे रास्ता वही रहेगा कार्यक्रम भी वही रहेगा जो महावीर चौक से मजार जाने के बाद मऊ तालाब में विसर्जन किया जायेगा उर्स रास्ते से घर वापस लौटेंगे।

**किराए से देना**
अनमोल रेसीडेंसी, आशिर्वाद पेलेस के सामने, वरदान नेत्रालय के बाजू मे ज्यारत मे टू-बी.एच.के. मकान एवं मकान से सटी 14X18 तीन दुकान किराए से देना है।
संपर्क करे
6264000057